**CRITERION III**

**3.3.2** Percentage of students participating in outreach activities organized by the institution during the last five years

**DVV Findings:**

- **Report of each outreach activity with seal and signature of the Principal**
- **Event-wise newspaper clippings / videos / photographs with captions and dates**

**Response of HEI:**
**As per DVV query, we have provided following documents attached:**

- **Report of each outreach activity with seal and signature of the Principal**
- **Event-wise newspaper clippings / videos / photographs with captions and dates**

## 1. Van Mahotsav (29.7.23)



Hari Bhoomi
30-7-2023

हरिभूमि

रोहतक -सि
30 July 20




# एमएम महाविद्यालय में पौधरोपण सप्ताह समाप्त

**फतेहाबाद।** आजादी के अमृत महोत्सव एवं कारगिल विजय दिवस मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण के लिए 23 से 29 जुलाई तक वृक्षारोपण सप्ताह एवं प्लास्टिक मुक्त अभियान के रूप में आयोजित किया गया। इस सप्ताह के दौरान एचडीएफसी बैंक व इन्वायरमेंट सस्टेनेबल मैनेजमेंट सेल के सहयोग से कॉलेज के विद्यार्थियों, एनएसएस वॉलंटियर्स व कर्मचारियों ने कॉलेज में पौधारोपण।

Principal
M.M. College of Education
Fatehabad

2. **One Day Yoga Camp at M.M.. College, Fatehabad(21.6.23)**






Jansandesh News.
21-6-23

# एमएम बीएड कॉलेज में साप्ताहिक योग शिविर का समापन, विद्यार्थियों ने योग को दिनचर्या में शामिल करने की ली शपथ


**फतेहाबाद/जनसंदेश न्यूज:** मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में चल रहे साप्ताहिक योगा कैम्प का बुधवार को समापन हुआ। एनएसएस यूनिट, मनोविज्ञान क्लब एवं स्पोर्ट्स व युवा क्लब द्वारा आयोजित इस शिविर में कॉलेज के स्टाफ सदस्यों व अनेक विद्यार्थियों ने भाग लिया और विभिन्न प्रकार के योगाभ्यास किए। समापन अवसर पर कॉलेज प्राचार्या डॉ. जनक रानी ने कहा कि योग का अर्थ है जोड़ना। बुद्धि, शरीर और आत्मा को एक लाइन में लाना योग है। उन्होंने कहा कि नियमित योग करने से हम स्वस्थ रह सकते हैं और हमें कई रोगों से मुक्ति मिलती है। उन्होंने बताया कि इस बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का थीम वासुदेव कुटुम्बकम था जो एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य को प्रस्तुत करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाकर शरीर को स्वस्थ व मजबूत बनाए। स्पोर्ट्स क्लब के इंचार्ज राजेंद्र सिंह की देखरेख में आयोजित साप्ताहिक योग शिविर में विद्यार्थियों को जहां विभिन्न प्रकार के योगाभ्यास करवाए गए वहीं इनके महत्व बारे भी विस्तार से जानकारी दी गई। कॉलेज एनएसएस इंचार्ज डॉ. कमला जोशी ने बताया कि शिविर के तीसरे दिन जहां पोस्टर मेकिंग कम्पीटिशन में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के पोस्टर बनाकर योग के महत्व को दर्शाया वहीं चौथे दिन उन्होंने योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की शपथ ली। पाचवें दिन योगा डेमोस्ट्रेशन कम्पीटिशन का आयोजन किया गया था।



छाया : पूजा रानी

Principal Janak Rani
M.M. College of Education
Fatehabad

## 3. State Level Drug free Awarness Relly(01.07.23)






(दैनिक भास्कर)

1 - 7 - 2023 को

# नशे के खिलाफ नाटक प्रतियोगिता में छाई एमएम बीएड कॉलेज की टीम

भास्कर न्यूज़ | फतेहाबाद



फतेहाबाद। एमएम शिक्षण महाविद्यालय की टीम को सम्मानित करते अतिथिगण।

मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब की टीम ने एचआईवी वायरस व नशे के जागरुकता कार्यक्रम में जिला स्तरीय नाटक प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया है। इसके साथ ही महाविद्यालय के छात्र प्रदीप कुमार को सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभागिता दर्ज करवाने के लिए विशेष सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. जनक रानी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि नशा व एचआईवी हमारे समाज के लिए एक विनाशकारी समस्या है, जिसके सबसे ज्यादा शिकार किशोर होते है। इन समस्याओं से छुटकारा पाने का एक मात्र उपाय जागरुकता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और देश के विकास में अपना योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज में इस तरह के कार्यक्रमों में मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय हमेशा अपनी भागीदारी दर्ज करवाता रहा है तथा भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों में महाविद्यालय की भागीदारी रहेगी। ऐसे कार्यक्रम युवाओं को जागरूक करने और समाज से जोडने का काम करते हैं।

## 4. Educational Tour(14.4.23 to 16.4.23)





(अमर उजाला)

19 = 5 = 2023

**शिमला और चंडीगढ़ शैक्षणिक भ्रमण पर गए बीएड कॉलेज के विद्यार्थी**

शैक्षणिक भ्रमण के दौरान एमएम बीएड कॉलेज के विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। संवाद

फतेहाबाद। मनोहर मेमोरियल शिक्षण महाविद्यालय के विद्यार्थियों का दल कंप्यूटर अनुदेशक ललित चोपड़ा के नेतृत्व में शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना हुआ। तीन दिवसीय भ्रमण पर गए विद्यार्थियों के दल को कॉलेज प्राचार्या डॉ. जनक मेहता ने रवाना किया।

56 सदस्यीय यह दल चंडीगढ़, शिमला और कुफरी में विभिन्न स्थानों पर जाकर वहां की सांस्कृतिक धरोहरों से रूबरू हुआ। शिमला में विद्यार्थियों ने माल रोड पर खरीदारी की। इसके बाद विद्यार्थियों ने शिमला के ऐतिहासिक जाखू मंदिर के भी दर्शन किए। यहां से विद्यार्थी कुफरी पहुंचे जहां उन्होंने नेचर वैली, जू का भ्रमण किया और एडवेंचर पार्क में जाकर विभिन्न प्रकार की एडवेंजर गतिविधियों का भी आनंद लिया। विद्यार्थियों ने चंडीगढ़ की ऐतिहासिक लेक पर बोटिंग की।

विद्यार्थियों के इस दल के साथ डॉ. कविता बतरा, डॉ. नरेंद्र कुमार, डॉ. कमला जोशी, डॉ. मोनिका भी शामिल रही। संवाद

## 5.Sadguru Apna Ghar (Visit to Vridh Ashram)(08.4.23)




MANOHAR MEMORIAL COLLEGE OF EDUCATION
FATEHABAD
Happiness Club
GPS Map Camera
Fatehabad, Haryana, India
GCJQ+C2, Fatehabad, Haryana 125050, India
Lat 29.530787°
Long 75.437716°
08/04/23 10:54 AM GMT +05:30
Google

# सद्गुरु कृपा अपना घर में बुजुर्गों से मिलकर भावुक हुए विद्यार्थी

संवाद न्यूज एजेंसी

**फतेहाबाद।** मनोहर मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन एवं एचडीएफसी बैंक के संयुक्त तत्वावधान में कॉलेज के विद्यार्थियों ने शनिवार को कॉलेज के हैप्पीनैस क्लब की तरफ से हांसपुर रोड स्थित सद्गुरु कृपा अपना घर का दौरा किया।

इस दौरान विद्यार्थियों के साथ कॉलेज स्टाफ से डॉ. कमला, डॉ. ज्योति व रेखा तथा एचडीएफसी बैंक से सौरभ चौधरी, प्रवीन बजाज व शब्बीर खान भी मौजूद रहे। विद्यार्थियों ने सद्गुरु कृपा अपना घर में रह रहे वृद्धों के साथ समय बिताया और उनकी दिनचर्या भी जानी। यहां बुजुर्गों से मिलकर विद्यार्थी भाव विभोर हो गए। विद्यार्थियों ने कहा कि ऐसी जगह पर आने से मन को बड़ी शांति मिलती है। यहां रह रहे बुजुर्ग भी विद्यार्थियों को अपनी बीच पाकर काफी खुश नजर आए और उन्होंने इनके साथ अपने दिल की खुलकर बातें की। प्राचार्य डॉ. जनक रानी ने कहा कि हमारे बड़े बुजुर्ग हमारा स्वाभिमान है, हमारी धरोहर है। जिस परिवार में बड़े-बुजुर्गों का सम्मान नहीं होता, उस परिवार में सुख, संतुष्टि और स्वाभिमान नहीं आ सकता। यदि हम परिवार में सुख, शांति और समृद्धि चाहते हैं तो परिवार में बुजुर्गों का सम्मान करें। जो बड़े बुजुर्गों की सेवा करते हैं, सम्मान करते हैं, वे महान होते हैं।




फतेहाबाद स्थित सद्गुरु कृपा अपना घर पहुंचे विद्यार्थी। संवाद

## 6. Water Conservation Rally(22.3.23)






( अमर उजाला )

24 = 3 = 2023 को (Friday)

# रैली निकाल कर जल बचाने और सदुपयोग करने की ली शपथ

फतेहाबाद। मनोहर मेमोरियल शिक्षण महाविद्यालय में विश्व कविता दिवस पर कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का संचालन हिंदी साहित्य विभाग के इंचार्ज डॉ. ज्योति चौधरी व कुमारी रेखा ने किया। किसी कविता का विषय देश प्रेम रहा तो किसी ने शिक्षा विषय पर अपनी प्रस्तुति दी।

प्राचार्या डॉ. जनक मेहता ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से यह पता चलता है कि बच्चों के अंदर कितने खूबसूरत विचार पनपते रहते हैं। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. कमला जोशी व प्रवक्ता सुनीता तलवार ने निभाई। प्रतियोगिता में बीए बीएड की नैंसी शर्मा ने प्रथम, पूजा बीएड प्रथम व पलक बीए बीएड ने द्वितीय तथा मंजू बीएड द्वितीय व सिमरन बीए बीएड ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पूजा बीए बीएड प्रथम वर्ष को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।



फतेहाबाद के एमएम कॉलेज में जल संरक्षण की शपथ लेते विद्यार्थी व स्टाफ। संवाद

इसके अलावा महाविद्यालय में हिंदू नववर्ष विक्रम संवत् 2080 की शुरूआत पर जल संरक्षण दिवस के उपलक्ष्य में एनएसएस व इको क्लब द्वारा एक रैली का आयोजन किया। विद्यार्थियों ने जल को बचाने तथा उसका सदुपयोग करने की शपथ ली। एनएसएस इंचार्ज डॉ. गुंजन बजाज व इको क्लब इंचार्ज सुनीता रानी ने विद्यार्थियों को जल संरक्षण व उसके सदुपयोग के बारे में अवगत करवाया। संवाद

---

[illegible] विभाग जींद के जिला [illegible] डॉ. रणधीर मतानां ने कहा कि [illegible] बार विश्व जल दिवस 1992 में ब्राजील में हुए पर्यावरण विकास सम्मेलन में मनाने का प्रस्ताव रखा गया था, जिसे संयुक्त राष्ट्र महासभा ने दिसंबर 1992 में अपनाया था।

1992 वर्ष में विश्व जल दिवस मनाने का प्रस्ताव पास हुआ तभी से हर साल 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाने का ऐलान हुआ। पहली बार विश्व जल दिवस 22 मार्च 1993 को मनाया गया।

2010 में संयुक्त राष्ट्र ने सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता के अधिकार को मानवाधिकार के रूप में मान्यता दी थी।

**7. Woolen Cloth Distribution(07.01.23)**






स्ट्रीट-मेल

शनिवार 07 जनवरी, 2023

# एमएम बीएड कॉलेज ने वितरित किए गर्म वस्त्र




**फतेहाबाद:** मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय, फतेहाबाद में क्लाथ बैंक द्वारा ठिठुरती व कंपकपाती सर्दी से बचने के लिए दरिद्र नारायण को गर्म वस्त्र वितरित किए गए। इस अवसर पर क्लाथ बैंक के इंचार्ज बलवंत सिंह व सुनीता तलवाड़ सहित सुमन बिश्नोई, रेखा रानी, डा. ज्योति व राजेन्द्र सर ने गर्म वस्त्रों का वितरण करवाने में सहयोग प्रदान किया। महाविद्यालय द्वारा प्रत्येक वर्ष जनवरी माह में वस्त्रों का संग्रह किया जाता है जिसे उचित प्रकार से सुनियोजित कर उन्हें जरूरतमंद व्यक्तियों तक पहुंचाया जाता है ताकि वे सर्दी में अपने जीवन का सुगमता पूर्वक निर्वाह कर सके।

**8. Visit to Gurudwara Jhad Sahab (23.12.22)**



**9. HIV (Aids) Awareness & Testing Camp(28.11.22)**



## 10. Chabbil (26.05.22)




राज्य परिवहन
शान से हरियाणा


सहकारी बैंक Cooperative Bank
vivo V20
May 26, 2022, 11:10

Am Pm News
26.05.2022

# एमएम बीएड कालेज में लगाई मीठे पानी की छबील

**फतेहाबाद।** मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय में आज महाविद्यालय के स्टॉफ व विद्यार्थियों के सहयोग से एन.एस.एस. विभाग के तत्वाधान में अपरा एकादशी के उपलक्ष्य में मीठे पानी की छबील लगाई गई। इस अवसर पर एन.एस.एस. स्वय सेवकों ने राहगीरों को मीठे पानी की सेवा देते हुए व साफ-सफाई का ध्यान रखते हुए कार्य में अपना सहयोग प्रदान किया। महाविद्यालय प्राचार्या डा. जनक रानी ने एन.एस.एस. इंचार्ज डा. गुंजन बजाज व प्रवक्ता बलवंत सिंह व समस्त स्टॉफ व विद्यार्थियों का तहे दिल से धन्यवाद करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार से अपनी सेवाएं देते रहने के लिए प्रेरित किया।



Principal
M.M. College of Education
Fatehabad

# 12. Educational Tour (16.4.22-18.4.22)





20-04-22

# मएम बीएड कॉलेज का दल भ्रमण कर लौटा

तेहाबाद। मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय फतेहाबाद द्वारा आयोजित तीन वसीय शैक्षिण भ्रमण का 56 सदस्यों का एक दल कल देर रात वृंदावन व मथुरा प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों की यात्रा कर लौटा। इस तीन दिवसीय भ्रमण को ाविद्यालय की प्रार्चाया डा. जनक मैहता ने हरी झंडी दिखा व अपनी शुभकामनाएं ान कर रवाना किया। भ्रमण दल के इंचार्ज ललित चोपड़ा ने बताया कि ाविद्यालय द्वारा आयोजित इस भ्रमण में विद्यार्थियों ने वृंदावन व मथुरा के प्रसिद्ध र्मिक स्थल जैसे श्री कृष्ण जन्मभूमि, श्री बांके बिहारी जी का मन्दिर, एसकोन न्दर, प्रेम मन्दिर, निधि वन, श्री रंग जी का मन्दिर, यमुना घाट जैसे स्थलों का न कर उनसे जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं एवं मान्यताओं को जाना व साथ में यह



सीखने का प्रयास किया कि स प्रकार से हम अपने ामदायक वातावरण से बाहर कल कर परिस्थितियों के ुसार कैसे हम अपने आप को योजित करते है। इस भ्रमण में महाविद्यालय स्टॉफ स्यों में डा. कविता बतरा, डा. न बजाज, डा. नरेन्द्र कुमार, बलवंत सिंह, अमनप्रीत कौर, मदन लाल, मधु ा व सेवादारों में हरीश कुमार व अशोक कुमार ने विद्यार्थियों के लिए सर्वोतम धाएं प्रदान कर टूर में चार-चांद लगाने का काम किया।

Principal
M.M. College of Educatio
Fatehabad

## **13. No Use of Plastic Bags**



Dainik Bhaskar
08/02/22

# विद्यार्थियों ने नो यूज ऑफ प्लास्टिक का संदेश दिया



मनोहर मेमोरियल शिक्षण महाविद्यालय के नो पॉलीथिन अभियान के तहत पेपर बैग बनाती छात्राएं।

भास्कर न्यूज | फतेहाबाद

मनोहर मेमोरियल शिक्षण महाविद्यालय फतेहाबाद के एनएसएस विभाग एवं इनर व्हील क्लब गूंज फतेहाबाद के संयुक्त तत्वावधान में पपीहा पार्क में नो यूज ऑफ प्लास्टिक का संदेश दिया गया।

एनएसएस विभाग के विद्यार्थियों ने वहां उपस्थित समूह को प्लास्टिक का उपयोग न करने बारे व उसके हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक किया। प्लास्टिक की जगह पर कागज के बैग प्रयोग करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. जनक रानी ने एनएसएस इंचार्ज डॉ. गुंजन बजाज, क्लब सदस्यों व विद्यार्थियों को बधाई दी।

Principal Janak Rani
M.M. College of Education
Fatehabad

## 14. Blood Donation Camp (24.01.2022)






## 15. Wollen Cloth Distribution (07.01.22)





## 16. Matdata Jaagrukta Rally(27.11.2021)



Dainik Bhaskar
27-11-2021

# एमएम बीएड कॉलेज में दिलाई शपथ



**फतेहाबाद।** मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय में स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ जो कि भारत सरकार द्वारा 'आजादी के अमृत महोत्सव' के रूप में मनाई जा रही है और आज के शुभ दिन भारत के संविधान को अपनाने के अवसर पर सभी स्टॉफ सदस्यों व विद्यार्थियों द्वारा भारतीय संसद हाल से हो रहे 'सविंधान दिवस' के सीधे प्रसारण के साथ जुड़कर सविंधान दिवस मनाया गया। अंत में सभी स्टॉफ व विद्यार्थियों ने भारत के संविधान के प्रति आत्मसमर्पित रहने की शपथ ली।

Principal
M.M. College of Education
Fatehabad

## **17. Fit Indis Rally(01.10.2021)**






Street mail.
01-10-2021

# एमएम कॉलेज में अमृत महोत्सव व फिट इंडिया रैली का आयोजन



**फतेहाबाद।** मनोहर मैमोरियल महाविद्यालय फतेहाबाद में महात्मा गांधी जी की जयंती के उपलक्ष्य में आज आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम व फिट इंडिया रैली का आयोजन किया गया। रैली के दौरान विद्यार्थियों द्वारा बोले गए नारो 'फिटनेस की दौड़-आधा घंटा रोज', 'जन भागीदारी से-जन आंदोलन तक' से वातावरण गुंजायमान हो गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों को 11 अक्तूबर से शुरु होने वाली इंटरनशिप के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। आध्यात्मिक प्राकोष्ठ के इंचार्ज अमनप्रीत कौर व सुनीता तलवाड़ ने विद्यार्थियों को गांधी जी के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. जनक रानी ने एन.एस.एस. कोर्डिनेटर डा. गुंजन बजाज व डा. नरेन्द्र कुमार को सफल कार्यक्रम के लिए बधाई प्रदान की।

## केशन सोसायटी ने को सम्मानित

Principal Janak Rani
M.M. College of Education
Fatehabad

<u>**18. Teeka Utsav on COVID-19 (14.04.2021)**</u>





**19. Visit to Govt. Sr. Sec. School, Jhalniya for Extension Lecture on First Aid (20.02.2021)**






## 20. Visit to Geeta Temple( 19.02.2021)






# एमएम बीएड कॉलेज द्वारा आयोजित एनएसएस कैम्प की सचित्र झलकियां

**फतेहाबाद:** गत 15 से 21 फरवरी तक एमएम कॉलेज आफ एजुकेशन के एनएसएस के कार्यशील विद्यार्थियों द्वारा प्रधानाचार्य डॉ. जनक मैहता तथा डॉ. कविता बतरा की अध्यक्षता में कैम्प का आयोजन किया गया। शिविर के प्रथम दिन विद्यार्थियों ने गवर्नमेंट सीनियर सैकेण्डरी स्कूल झलनियां में सफाई अभियान चलाया और श्रम के प्रति श्रद्धा के महत्व के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता व युवा शक्ति का संदेश दिया। द्वितीय दिवस पर सभी विद्यार्थियों ने महाविद्यालय की सफाई कर स्वच्छ भारत का संदेश दिया। सहयोगी अध्यापिका डॉ. कविता बतरा ने सभी को स्वच्छ पर्यावरण के महत्व बारे बताया एवं भारत को एक स्वच्छ राष्ट्र बनाने का संदेश दिया।

कैम्प के तृतीय दिन सभी विद्यार्थियों ने एएसआई हेतराम से मुलाकात कर ट्रैफिक नियमों के बारे में जानकारी प्राप्त की। तत्पश्चात सभी ने पौधारोपण में भाग लिया व अपने खून की जांच करवाई।

कैम्प के चौथे दिन सभी विद्यार्थियों ने झाड़ साहब गुरुद्वारे का दौरा कर सेवा में भागीदार बने। कॉलेज के सभी विद्यार्थियों तथा अध्यापकों ने सेवा में भागीदार बनकर एक अच्छे राष्ट्र के निर्माण का संदेश दिया। कैम्प के पांचवें दिन विद्यार्थियों ने गीता मंदिर जाकर स्वामी दिव्यानन्द जी महाराज के प्रवचन सुने। उसके बाद जागरूकता फैलाने के लिए रैली में सम्मिलित हुए। प्रधानाचार्या डॉ. जनक मैहता ने सर्विस बिफोर सेल्फ का नारा लगाकर रैली की शुरुआत की। वहीं छठे दिन पवन कुमार ने एनएसएस के सभी विद्यार्थियों को प्राथमिक चिकित्सा के विषय में जागरुक किया। इसके बाद रोहित कौशिक से मुलाकात कर अभिनय के विषय में जानकारी प्राप्त की। सप्ताह के अंतिम दिन डॉ. निधि संद्ूजा द्वारा बच्चों को सेहत से जुड़ी बहुत सी बातें बताई गई तथा सर्टिफिकेट भी प्रदान किए गए। प्रधानाचार्य डॉ. जनक मैहता जी और डॉ. कविता बतरा डॉ. निधि संद्ूजा का धन्यवाद किया तथा सभी विद्यार्थियों को सेहत की महत्वता के विषय में बताकर मार्गदर्शन भी किया एवं कैम्प के सम्पन्न होने की बधाई दी। इस प्रकार इन सात दिवसों में एमएम कॉलेज आफ एजुकेशन के दृढ़ निश्चयों एवं कार्यशील विद्यार्थियों तथा अध्यापकों द्वारा समाज को जागरुक करने का कार्य किया गया।

**<u>21. Visit to Jhad Sahab Gurudwara (18.02.2021)</u>**




**<u>22. Visit to Primary Health Centre, Jhalniya (17.02.2021)</u>**



## 23. Tree Plantation at Govt. Sr. Secondary School, Jhalniya(16.02.2021)



**24. Cleanliness Campaign at Govt. Sr. Secondary School, Jhalniya(15.02.2021)**





## 25.Donate Sweets and cakes to Children(13.02.2021)



## 26. Visit to Slum Area(01.12.2020)






## 27. Cloth Distribution (10.01.2020)





## 28. Awareness Programme on Plogging (01.10.2019)





# स्लोगन बनाकर पराली न जलाने का दिया संदेश



एमएम कालेज के विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य स्लोगन बनाकर पराली न जलाने का संदेश देते हुए। ● जागरण

**जागरण संवाददाता, फतेहाबाद:** पिछले साल की तुलना में इस बार किसान कम संख्या में पराली जा रहे है। इसका मुख्य कारण जागरूकता है। पिछले साल करीब 1900 किसानों को कृषि विभाग के अधिकारियों ने चिह्नित किया है। लेकिन इस बार अभी तक लोकेशन भी करीब 50 आई है। वहीं धान का सीजन भी तेज गति से जा रहा है। वही दैनिक जागरण भी किसानों को जागरूक करने के लिए स्कूल कालेजों व किसानों के बीच में जाकर उन्हें जागरूक कर रहा है। एमएम कालेज में भी विद्यार्थियों ने पराली न जलाने की शपथ ली। वहीं कहा कि वे किसानों को जागरूक करेंगे कि पराली जलाने से नुकसान अधिक होता है।

एमएम कालेज में पराली ना जले इसके लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनएसएस यूनिट द्वारा पराली को जलाने के नुकसान से लोगों को अवगत करवाने के लिए स्लोगन व पेंटिंग प्रतियोगिता का सहारा लिया। विद्यार्थियों ने इन स्लोगन के माध्यम से बताया कि अगर किसान अवशेष को आग लगाता है तो जमीन के अंदर रहने वाले सभी मित्र कीट मर जाते है। मित्र कीट किसानों के दोस्त होते है। लेकिन किसान आग लगाकर उसे ही मार रहे है। विद्यार्थियों ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम आगे जारी रहेंगे।

"इस बार पराली ना जले इसके लिए कालेज के विद्यार्थी पिछले काफी समय से काम कर रहे है। कुछ दिन पहले रैली निकाली गई। मंगलवार को स्लोगन व पेंटिंग द्वारा जागरूक किया। इस तरह के अभियान चलाने का ही नतीजा है कि किसान जागरूक हो रहे है। कालेज में आने वाले विद्यार्थी गांवों से है जहां पहले किसान धान की पराली में आग लगाते थे। लेकिन अब ऐसा नहीं है। वहीं दैनिक जागरण भी शानदार अभियान चला रहा है। हम सभी को अभियान चलाना होगा।

**डा. कविता बतरा,** एनएसएस यूनिट प्रभारी, एमएम कालेज

## एमएम कालेज के विद्यार्थियों ने कहा पराली जलाने से होता है नुकसान- दैनिक जागरण के अभियान की सराहना की

जागरूकता का ही असर अब देखने को मिल रहा है कि किसान कम संख्या में पराली में आग लगा रहे है। पिछले साल इन दिनों में पराली के धुएं से हर कोई परेशान था। कालेज के विद्यार्थियों ने भी स्लोगन व पेंटिंग के माध्यम से जागरूक करने का प्रयास किया है। वहीं दैनिक जागरण का प्रयास भी सराहनीय है। वहीं कृषि विभाग के अधिकारी अब प्रत्येक खेतों में जा रहे है।"

**डा. जनक**, प्राचार्य, बीएड एमएम कालेज।

Janak Rani
Principal
M.M. College of Education
Fatehabad-125050

# 29. Visit to public Health Centre ,Jhalnia (28.12.2019)






## 30. Deaddiction Really (NSS) (29.12.2019)






# 31.Visit to Gurudwara Jhad Sahab (NSS) (26.12.2019)





## 32.Rally On Polithine Free India (NSS) (25.12.2019)



# 33.Swatch Bharat Abhiyan at village Jhalania (24.12.2019)






**34. Cleanup the School ground and Plantation, at Govt.Sc.Sen.School, Jhalnia (23.12.2019)**







प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र
आयुष्मान भारत
National Service Scheme (NSS)
Not Me But You
M.M. College of Education, Fatehabad

# मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट ने लगाया शिविर

## विद्यार्थियों ने झलनियां गांव में राजकीय स्कूल की सफाई कर जाने ट्रैफिक के नियम

भास्कर न्यूज | फतेहाबाद

मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय फतेहाबाद की एनएसएस यूनिट की ओर से झलनियां गांव में कैंप लगाया गया। इस दौरान विभिन्न गतिविधियां की गई हैं। टीम ने स्कूल में सफाई अभियान चलाया। इसके बाद ट्रैफिक पुलिस से हेतराम ने यातायात नियमों की जानकारी दी। योग प्रशिक्षक सुरेंद्र कुमार ने योगासन करा योग के महत्व को भी समझाया।

स्कूल के प्रिंसिपल विजय कुमार ने एनएसएस कैंप का महत्व बताया। एमएम कॉलेज प्रिंसिपल गुरुचरणदास ने विद्यार्थियों को जीवन में मूल्यों के महत्व से अवगत करवाया। कॉलेज की पूर्व छात्रा नीतू टुटेजा, प्राध्यापिका, राजकीय सीनियर सेकंडरी स्कूल धांगड़ ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। विद्यार्थियों ने स्कूल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पौधारोपण भी किया।



फतेहाबाद। गांव झलनियां में एनएसएस कैंप के दौरान पौधारोपण करते एमए कॉलेज ऑफ एजुकेशन की टीम।

समापन सत्र में फिंगर प्रिंट्स एक्सपर्ट जोगिंद्र सिंह ने उन्हें विभिन्न जानकारियां दी। कॉलेज प्राचार्या डॉ. जनक रानी ने कैम्प के सफलतापूर्ण आयोजन पर विद्यार्थियों व प्रभारी डॉ. कविता बतरा को बधाई दी।

Janak Rani

Principal
M.M. College of Education
Fatehabad-125050

## 35. One Day Educational Trip to Partapgarh Farm, Jhajjar (09.04.2019)





# महाविद्यालय का दल भ्रमण कर लौटा



*भ्रमण के दौरान खेल खेलते दल के सदस्य।*

फतेहाबाद, 8 अप्रैल (ब्यूरो): मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय का 35 सदस्यों का दल एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कर रात प्रतापगढ़ फार्म झज्जर से होकर वापस फतेहाबाद लौटा। भ्रमण दल को महाविद्यालय की प्राचार्या डा. जनक मेहता ने शुभकामनाएं प्रदान कर रवाना किया। भ्रमण दल में गए बी.एड. व डी.एड. विभाग के विद्यार्थियों ने प्रतापगढ़ फार्म पर हरियाणी संस्कृति व सभ्यता को बहुत करीब से जाना और वहां बने विभिन्न प्रकार के एडवैंचर्स, खेल प्रतिस्पर्धाओं, विभिन्न राइड्स, रिवर क्रॉसिंग जैसी गतिविधियों में भाग लिया। भ्रमण इंचार्ज ललित चोपड़ा ने बताया कि प्रतापगढ़ फार्म में विजिट करवाने के बाद शाम को रोहतक में विद्यार्थियों ने भारत-पाकिस्तान के बंटवारे के समय अलग हुए जिगरी दोस्तों पर बनी फिल्म को देखा। भ्रमण दल में महाविद्यालय के असिस्टैंट प्रोफैसर डा. गुंजन नारंग, बलवंत सिंह, नरेंद्र कुमार व अमनप्रीत कौर ने विद्यार्थियों को हरियाणवी साहित्य के बारे में अवगत करवाया।

Janak Rani
Principal
M.M. College of Education
Fatehabad-125050

36. **Cloth Distribution (18.01.2019)**





# जरूरतमंद लोगों को वितरित किए गर्म वस्त्र



**फतेहाबाद।** मनोहर मेमोरियल शिक्षण महाविद्यालय फतेहाबाद के क्लॉथ बैंक द्वारा झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले जरूरतमंदों व्यक्तियों को गर्म वस्त्र वितरित किए गए। इस अवसर पर क्लॉथ बैंक के इंचार्ज बलवंत सिंह व सुनीता तलवाड़ सहित गुंजन बजाज एवं ललित चोपड़ा ने गर्म वस्त्रों को वितरण करवाने में सहयोग प्रदान किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. जनक मेहता ने बताया कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रत्येक वर्ष जनवरी माह में वस्त्रों का संग्रह किया जाता है जिसे उचित प्रकार से सुनियोजित कर उन्हें जरूरतमंद व्यक्तियों तक पहुंचाया जाता है ताकि वे भी सर्दी में अपने जीवन का सुगमता पूर्वक निर्वाह कर सके।

Janak Rani
Principal
M.M. College of Education
Fatehabad-125050

<u>**37. Agriculture Fair (06.10.2018)**</u>






# कॉलेज विद्यार्थियों ने किया भ्रमण

फतेहाबाद। मनोहर मेमोरियल शिक्षण महाविद्यालय के विद्यार्थियों व स्टॉफ सदस्यों का 36 सदस्यों का दल प्राध्यापिका सुनीता रानी, डॉ. कविता बतरा तथा अनुदेशक ललित चोपड़ा के नेतृत्व में एक दिवसीय हिसार के शैक्षणिक भ्रमण पर गया। शैक्षणिक भम्रण के दौरान विद्यार्थियों ने चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार द्वारा आयोजित किसान कृषि मेले का अवलोकन कर कृषि उत्पादों, बीजों, फसलों व आधुनिक व पौराणिक कृषि यंत्रों व विश्वविद्यालय के औषधीय गार्डन के बारे में जानकारी प्राप्त की। शैक्षणिक भ्रमण को महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. जनक महता ने रवाना किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने अग्रविभूति स्मारक अग्रोहा, काजला धाम, जिन्दल टॉवर तथा अग्रोहा मुख्य मन्दिर भी गए।



Janak Rani
Principal
M.M. College of Education
Fatehabad-125050

## 38. One Day Educational Trip to Chandigarh(09.08.2018)






# MANOHAR MEMORIAL COLLEGE OF EDUCATION, FATEHABAD




# Outreach Acticities

## Organized by the Institution

# One Day Educational Trip to Chandigarh






# REPORT

स्थानीय मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय, फतेहाबाद का 35 सदस्यों का एक दल एक दिवसीय पटियाला, छतबीड़, चण्डीगढ़ व पंचकुला का शैक्षिण भ्रमण कर सुबह लौटा। टूर इंचार्ज ललित चोपड़ा ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि भ्रमण के दौरान सर्वप्रथम विद्यार्थियों ने पटियाला स्थित गुरुद्वारा दुखनिर्वाण साहिब के दर्शन किए उसके उपरान्त छतबीड़ चिड़ियाघर में देश व विदेश की विभिन्न-विभिन्न जानवरों व पक्षियों की प्रजातियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। चण्डीगढ़ स्थित सुखना लेक में बोटिंग का आनन्द लेने के पश्चात पंचकुला स्थित चैखी ढ़ाडी में विद्यार्थियों ने न केवल राजस्थानी संस्कृति के दर्शन किए बल्कि वहां चल रहे विभिन्न राजस्थानी लाइव कार्यक्रमों में राजस्थानी कलाकारों के साथ अपनी सक्रिय उपस्थिति भी दर्ज करवाई। लुप्त हो चुकी कठपुतली कला और जादू कला को देख विद्यार्थियों से कलाकारों ने खूब वाह-वाही लूटी। इस शैक्षिण भ्रमण के सफलता पूर्वक समापन पर महाविद्यालय की प्राचार्या डा. जनक मैहता ने टूर इंचार्ज ललित चोपड़ा, सुमन लता बिश्नोई, बलवंत सिंह व अरविन्द कुमार को बधाई देते हुए भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों में अधिक से अधिक भाग लेने के लिए समस्त विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।

Janak Rani

Principal
M.M. College of Education
Fatehabad-125050

# Agriculture Fair





# REPORT

मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय के विद्यार्थियों व स्टा◌ॅफ सदस्यों का 36 सदस्यों का एक दल प्राध्यापिका सुनीता रानी, डा. कविता बतरा व अनुदेशक ललित चोपड़ा के नेतृत्व में महाविद्यालय द्वारा आयोजित एक दिवसीय हिसार के शैक्षणिक भम्रण से कल देर शाम वापिस आया। शैक्षणिक भम्रण के दौरान विद्यार्थियों ने चैधरी चरणसिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार द्वारा आयोजित किसान कृषि मेले का अवलोकन कर कृषि उत्पादो, बीजों, फसलों व आधुनिक व पोराणिक कृषि यंत्रों व विश्वविद्यालय के औषधीय गार्डन के बारे में जानकारी प्राप्त की। शैक्षणिक भम्रण को महाविद्यालय की प्राचार्या डा. जनक मैहता ने शुभकामनाएं प्रदान कर रवाना किया। एक दिवसीय भम्रण के दौरान विद्यार्थियों ने अग्रविभूति स्मारक अग्रोहा, काजला धाम, जिन्दल टावर व अग्रोहा मुख्य मन्दिर के भी दर्शन किए।

Janak Rani

Principal
M.M. College of Education
Fatehabad-125050

# Cloth Distribution





# REPORT

आज मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय फतेहाबाद के क्लाथ बैंक द्वारा गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी झुगी-झोपड़ियों में जीवन व्यतित कर रहे गरीब एवं जरुरतमंद व्यक्तियों को गर्म वस्त्र वितरित किए गए। इस अवसर पर क्लाथ बैंक के इंचार्ज बलवंत सिंह व सुनीता तलवाड़ सहित गुंजन बजाज एवं ललित चोपड़ा ने गर्म वस्त्रों को वितरण करवाने में सहयोग प्रदान किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. जनक मैहता ने बताया कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रत्येक वर्ष जनवरी माह में वस्त्रों का संग्रह किया जाता है जिसे उचित प्रकार से सुनियोजित कर उन्हें जरुरतमंद व्यक्तियों तक पहुंचाया जाता है ताकि वे भी ठुठरन भरी सर्दी में अपने जीवन का सुगमता पूर्वक निर्वाह कर पाये। उनके अनुसार इस क्लाथ बैंक का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक उत्थान के सेवा कार्यों से संलग्न करना व उनमें समाज सेवा की भावना को विकसित करना होता है।

Janak Rani

Principal
M.M. College of Education
Fatehabad-125050

# One Day Educational Trip to Partapgarh Farm, Jhajjar





# REPORT

मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय फतेहाबाद का 35 सदस्यों का दल एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण दल कर कल देर रात प्रतापगढ़ फाॅर्म झज्जर से होकर वापिस फतेहाबाद लौटा। भ्रमण दल को महाविद्यालय की प्राचार्या डा. जनक मैहता ने शुभकामनाएं प्रदान कर रवाना किया। भ्रमण दल में गए बी.एड. व डी.एड. विभाग के विद्यार्थियों ने एक तरफ जहां प्रतापगढ़ फाॅर्म पर हरियाणी संस्कृति व सभ्यता को बहुत करीब से जाना तो साथ ही वहां बने विभिन्न प्रकार के एडवेंचरस, खेल प्रतिस्पथाओं, विभिन्न राइडस, रिवर क्रासिंग जैसी गतिविधियों में भाग लिया। भ्रमण इंचार्ज ललित चोपड़ा ने बताया कि प्रतापगढ़ फाॅर्म में विजिट करवाने के बाद शाम को रोहतक में विद्यार्थियों ने भारत-पाकिस्तान के बंटवारे के समय अलग हुए जिगरी दोस्तों पर बनी फिल्म 'यारा वे' को देखा तथा उस समय किस प्रकार देश बटवारे की आग में झुलसा था की कहानी को समझा। भ्रमण दल में महाविद्यालय के असिसटेंट प्रोफेसर डा. गुंजन नारंग, बलवंत सिंह, नरेन्द्र कुमार व अमनप्रीत कौर ने विद्यार्थियों को हरियाणी साहित्य के बारे में अवगत करवाने के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन करवाया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डा. जनक मैहता ने समस्त स्टाॅफ सदस्यों व विद्यार्थियों को भ्रमण के सफल समापन पर हार्दिक बधाई प्रदान की।उनमें समाज सेवा की भावना को विकसित करना होता है।

Principal
M.M. College of Education
Fatehabad-125050

# Rally On Polithine Free India






# Visit to Gurudwara Jhad Sahab



# Extension Lecture



# Cleanup the School ground and Plantation, at Govt.Sc.Sen.School, Jhalniya,



# Visit to Public Health Centre ,Jhalnia






# Awareness Programme on Plogging





# REPORT

आज दिनांक 1 अक्टूबर 2019 को मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय फतेहाबाद में गांधी जयंती के अवसर पर महाविद्यालय में आध्यात्मिक प्रकोष्ठ व एन.एस.एस. विभाग के द्वारा एक बार प्रयोग होने वाले प्लास्टिक के खिलाफ एक जागरुकता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में प्लास्टिक के प्रयोग से पर्यावरण पर होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विद्यार्थियों को जागरुक किया गया। प्लास्टिक की जगह 'इको-फ्रैंडली' विकल्प मुहैया करवाने के तहत पेपर बैग, जूट बैग, का◌ॅटन बैग व पुराने पोलीथीन व प्लास्टिक की बोतलों से गुलदस्ते बनाना इत्यादि प्रतियोगिताएं करवाई गई। विद्यार्थियों ने महाविद्यालय प्रांगण के नजदीक पोलिथीन को इकठ्ठा किया व फतेहाबाद शहर को स्वच्छ रखने का प्रण लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्राचार्या डा. जनक रानी ने इंचार्ज सुनीता तलवाड़, डा. कविता बतरा, अमनप्रीत कौर व सभी स्टा◌ॅफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों को बधाई दी।

Janak Rani

Principal
M.M. College of Education
Fatehabad-125050

# Visit to Slum Area






# REPORT

मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय फतेहाबाद मंे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर नई तालीम सप्ताह (वेंटल) जो कि 1 से 7 अक्टूबर तक मनाया गया का सफल समापन हुआ। नई तालीम सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत समाज की आवश्यक्ताओं के अनुरुप परिवेश आधारित व्यवसायपरक विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आनॅलाइन करवाई गई। कार्यक्रम के अन्तिम दिन फूलों का गुलदस्ता बनाना की गतिविधि का आॅनलाइन आयोजन किया गया तथा महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा एकत्रित की गई खाली बोतलों में स्टाॅफ द्वारा पौधे लगाकर हरा-भरा किया गया। इन गतिविधियों से यह संदेश दिया गया कि फूलों के गुलदस्ते बनाने का व्यवसाय शुरु कर सकते है तथा बेकार को चीजों को इस्तेमाल कर बहुत कुछ नया किया जा सकता है तथा एक व्यवसाय का रुप दिया जा सकता है। विद्यार्थी भी इस प्रकार के कौशल का प्रयोग कर अपने व आस-पास के लोगों को रोजगार दे सकते है। कार्यक्रम की इंचार्ज सुनीता रानी, डा. कविता बतरा व मंगत कम्बोज द्वारा इन गतिविधियों का संचालन किया गया। इस अवसर पर कम्यूनिटि केयर क्लब व हैप्पीनेस क्लब के सहयोग से झुगी-झोपड़ी में जीवन व्यतीत करने वाले लोगों के लिए एक समय के खाने की व्यवस्था बी.एड. व डी.एड. विभाग के विद्यार्थियों के सहयोग से की गई जिसकी पूरी व्यवस्था कार्यक्रम इंचार्ज ललित चोपड़ा, डा. गुंजन नारंग व सुमनलता द्वारा की गई। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. जनक रानी ने सभी स्टाॅफ सदस्यों को नई तालिम सप्ताह के सफल समापन पर बधाई दी तथा इस तरह के कार्यक्रम जो समाज के उत्थान के लिए होते है को लगातार करते रहने के लिए प्रेरित किया।

Janak Rani

Principal
M.M. College of Education
Fatehabad-125050

# Visit to Vishwas Special School, Fatehabad



# REPORT

मनोहर मेमोरियल शिक्षण महाविद्यालय, फतेहाबाद के हैप्पीनैस क्लब की तरफ से काॅलेज के विद्यार्थियों ने विश्वास पुर्नवास केन्द्र, बीघड़ रोड़, फतेहाबाद मे जाकर बच्चों के साथ उनकी दिनचर्या जानी। इस अवसर पर केन्द्र स्टाफ में विनोद कुमार, संगीता जांगड़ा व जय सिंघल भी मौजूद रहे। काॅलेज के विद्यार्थियों को Special Education और Special Children के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए पुरे स्कूल का भ्रमण करवाते हुए Special बच्चों को किस प्रकार से शिक्षा दी जाती है, के बारे में विस्तार से बताया। विद्यार्थियों ने उन बच्चों के साथ मिलकर स्कूल में एक रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर स्कूल की कमेटी द्वारा काॅलेज को एक स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। हैप्पीनैस क्लब द्वारा समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करवाने पर प्राचार्या डा॰ जनक रानी ने क्लब प्रभारी डा॰ गुंजन बजाज व ललित चोपड़ा को बधाई दी।

Principal
M.M. College of Education
Fatehabad-125050

# Tikakaran Utsav on COVID - 19





# Matdata Jaagrukta Rally



# REPORT

स्थानीय मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय, फतेहाबाद में महाविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों द्वारा मतदाता सूचियों का संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत एक जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने आमजन को वोटर हैल्पलाइन मोबाईल एप्लीकेशन का प्रयोग करने, अपनी मतदाता सूची में कोई बदलाव करने तथा अपने मत का उचित प्रयोग करने के बारे में जागरुक किया गया। इस रैली को महाविद्यालय की प्राचार्या डा. जनक रानी ने अपनी शुभकामनाएं प्रदान कर रवाना किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाॅफ उपस्थित था।


Principal
M.M. College of Education
Fatehabad-125050

# Wollen Cloth Distribution



# REPORT

स्थानीय मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय, फतेहाबाद के क्ला◌ॅथ बैंक द्वारा झुग्गी-झोपड़ीयों में रहने वाले जरुरतमंद व्यक्तियों को गर्म वस्त्र वितरित किए गए। इस अवसर पर क्ला◌ॅथ बैंक के इंचार्ज बलवंत सिंह व सुनीता तलवाड़ ने गर्म वस्त्रों को वितरित करवाने में सहयोग प्रदान किया। महाविद्यालय प्राचार्या डा. जनक रानी ने बताया कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रत्येक वर्ष दिसम्बर/जनवरी माह में वस्त्रों का संग्रह किया जाता है जिसे उचित प्रकार से सुनियोजित कर उन्हें जरुरतमंद व्यक्तियों तक पहुंचाया जाता है ताकि वे भी सर्दी में अपने जीवन का सुगमता से निर्वाह कर सकें।



# Blood Donation Camp



# REPORT

स्थानीय मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय, फतेहाबाद के विद्यार्थियों द्वारा दिनांक 24-01-2022 को भारत विकास परिषद् शाखा फतेहाबाद द्वारा आयोजित किए गए रक्तदान शिविर में रक्तदान किया गया। भारत विकास परिषद् शाखा फतेहाबाद द्वारा सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डा. जनक रानी ने कहा कि महाविद्यालय समय-समय पर भारत विकास परिषद् द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में यथासम्भव सहयोग करता रहता है तथा आगे भी परिषद् द्वारा आयोजित सेवा व संस्कार के कार्यों में सहयोग करता रहेंगा। इस अवसर पर एन.एस.एस. कॉर्डिनेटर डा. गुंजन बजाज, रेडक्रास विभाग की इंचार्ज सुनीता रानी व आई.सी.टी. विभाग के इंचार्ज ललित चोपड़ा कार्यक्रम में उपस्थित थे।

Principal
M.M. College of Education
Fatehabad-125050

# No Use of Plastic Bags



# REPORT

स्थानीय मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय फतेहाबाद के एन.एस.एस. विभाग एवं इंनर व्हील क्लब गूंज फतेहाबाद के संयुक्त तत्वाधान में पपीहा पार्क में 'नो यूस ऑफ प्लास्टिक' का संदेश दिया गया। इस अवसर पर एन.एस.एस. विभाग के विद्यार्थियों ने वहां उपस्थित समूह को प्लास्टिक का उपयोग न करने बारे व उसके हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरुक किया तथा प्लास्टिक की जगह पर कागज के बैग प्रयोग करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए महाविद्यालय की प्राचार्या डा. जनक रानी ने एन.एस.एस. इंचार्ज डा. गुंजन बजाज, क्लब मैम्बरस व विद्यार्थियों को बधाई दी।

Janak Rani

Principal
M.M. College of Education
Fatehabad-125050

# NSS Camp (Govt. School, Jhalniya)



# REPORT

चौधरी देवी लाल विष्वविद्यालय, सिरसा के तत्वाधान में मनोहर मैमोरियल पी.जी. महाविद्यालय, फतेहाबाद चल रहे सात दिवसीय एन.एस.एस. शिविर के दौरान मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय, फतेहाबाद के बी.एड. द्वितीय वर्ष की छात्रा काजल कम्बोज को सर्वश्रेष्ठ समर्पित स्वयं सेवक के अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चौ. देवी लाल विश्वविद्यालय, सिरसा की एन.एस.एस. कोओर्डिनेटर प्रो° आरती गौढ़ ने समस्त स्वयं सेवको को बधाई दी। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्या डा° जनक रानी ने काजल कम्बोज को तथा एन.एस.एस. प्रभारी डा° गुंजन बजाज व महाविद्यालय की तरफ से भाग लेने वाले समस्त विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं प्रदान की।

Janak Rani

Principal
M.M. College of Education
Fatehabad-125050

# Educational Tour






# Chhabil





# REPORT

स्थानीय मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय, फतेहाबाद में आज महाविद्यालय के स्टॉफ व विद्यार्थियों के सहयोग से एन.एस.एस. विभाग के तत्वाधान में अपरा एकादशी के उपलक्ष्य में मीठे पानी की छबील लगाई गई। इस अवसर पर एन.एस.एस. स्वय सेवकों ने राहगीरों को मीठे पानी की सेवा देते हुए व साफ-सफाई का ध्यान रखते हुए इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्या डा. जनक रानी ने एन.एस.एस. इंचार्ज डा. गुंजन बजाज व प्रवक्ता बलवंत सिंह व समस्त स्टॉफ व विद्यार्थियों का तहे दिल से धन्यवाद करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार से अपनी सेवाएं देते रहने के लिए प्रेरित किया।



# HIV (Aids) Awareness & Testing Camp



# REPORT

आज मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय के रैड रिबन क्लब की तरफ से नागरिक हस्पताल फतेहाबाद के सहयोग से एच.आई.वी./एड्स जागरुकता अभियान के तहत जांच शिविर एवं जागरुकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। शिविर में नागरिक हस्पताल से पधारे डिप्टी सी.एम.ओ. डा. अरुण नंदा व उनकी टीम ने महाविद्यालय के लगभग 70 विद्यार्थियों के रक्त के नमूने लिए व उन्हें जांच के लिए भेजा। इस अवसर पर डा. नंदा ने उपस्थित विद्यार्थियों व स्टाॅफ को एच.आई.वी./एड्स से अवगत करवाते हुए इस बीमारी से किस प्रकार बचाव सम्भव है से विस्तारपूर्वक बताया। क्लब इंचार्ज सुनीता रानी ने डा. नंदा व उनकी टीम का महाविद्यालय में पहुंच व शिविर को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने पर आभार प्रकट किया।

Principal
M.M. College of Education
Fatehabad-125050

# N.S.S. Camp



# Blood Donation Camp (Visit to M.M.P.G college)



# REPORT

एम.एम. (पीजी) का◌ॅलेज, फतेहाबाद में थैलेसीमिया रोग से ग्रसित एक बच्चे विहान के लिए ब्लड स्टेम सैल डोनेटर रजिस्ट्रेशन कैम्प लगाया गया। जिसमें मनोहर मेमोरियल शिक्षण महाविद्यालय, फतेहाबाद के विद्यार्थियों ने कुमारी रेखा, सहायक प्रवक्ता के दिशा निर्देश द्वारा अपनी भागीदारी दर्ज करवाई तथा समाज के लिए कुछ कर दिखाने का जज्बा दिखाया। इस अवसर पर प्राचार्या डा° जनक रानी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी व भविष्य में भी ऐसी भागीदारी दर्ज करवाते रहने का उद्देश्य बताया।

Janak Rani

Principal
M.M. College of Education
Fatehabad-125050

# Water Conservation Rally



# REPORT

आज मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय में हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत 2080 की शुरुवात पर जल संरक्षण दिवस के उपलक्ष्य में एन.एस.एस. व इको क्लब ने एक रैली का आयोजन किया। विद्यार्थियों ने जल को बचाने तथा उसका सदउपयोग करने की शपथ ली व एन.एस.एस. इंचार्ज डा. गुंजन बजाज व इको क्लब इं्चार्ज सुनीता रानी ने विद्यार्थियों को जल संरक्षण व उसके सदउपयोग के बारे में अवगत करवाया। प्राचार्या डा. जनक रानी ने हिन्दू नववर्ष व नवरात्रों की समस्त स्टा◌ॅफ सदस्यों व विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

Janak Rani

Principal
M.M. College of Education
Fatehabad-125050

# Sadguru Apna Ghar (Visit to Vridh Ashram)



# REPORT

मनोहर मैमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन एवं एचडीएफसी बैंक के संयुक्त तत्वाधान में कॉलेज के विद्यार्थियों ने शनिवार को कॉलेज के हैप्पीनैस क्लब की तरफ से हांसपुर रोड स्थित सद्‌गुरू कृपा अपना घर का दौरा किया। इस दौरान विद्यार्थियों के साथ कॉलेज स्टाफ से डॉ. कमला, डॉ. ज्योति व रेखा तथा एचडीएफसी बैंक से सौरभ चौधरी, प्रवीन बजाज व शब्बीर खान भी मौजूद रहे। विद्यार्थियों ने सद्‌गुरू कृपा अपना घर में रह रहे वृद्धों के साथ समय बिताया और उनकी दिनचर्या भी जानी। यहां बुजुर्गों से मिलकर विद्यार्थी भाव विभोर हो गए। विद्यार्थियों ने कहा कि ऐसी जगह पर आने से मन को बड़ी शांति मिलती है। यहां रह रहे बुजुर्ग भी विद्यार्थियों को अपनी बीच पाकर काफी खुश नजर आए और उन्होंने इनके साथ अपने दिल की खुलकर बातें की। प्राचार्य डॉ. जनक रानी ने कहा कि हमारे बड़े बुजुर्ग हमारा स्वाभिमान है, हमारी धरोहर है। जिस परिवार में बड़े-बुजुर्गों का सम्मान नहीं होता, उस परिवार में सुख, संतुष्टि और स्वाभिमान नहीं आ सकता। यदि हम परिवार में सुख, शांति और समृद्धि चाहते हैं तो परिवार में बुजुर्गों का सम्मान करें। जो लोग बड़े बुजुर्गों की सेवा करते हैं, सम्मान करते हैं, वे महान होते हैं। उन्होंने इस भ्रमण के लिए हैप्पीनैस क्लब प्रभारी डॉ. ज्योति व कुमारी रेखा को बधाई दी। इस अवसर पर एचडीएफसी बैंक व कॉलेज हैप्पीनैस क्लब द्वारा वृद्धों को फल वितरित कर उनका आशीर्वाद भी लिया गया।

Principal
M.M. College of Education
Fatehabad-125050

# Educational Tour






# Dhyan Shivir (Visit to Bishnoi Mandir)







# REPORT

मनोहर मेमोरियल शिक्षण महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बिश्नोई मंदिर में चल रहे ध्यान शिविर कार्यक्रम में भाग लिया। इस योग शिविर में अमृतसर से आचार्य गोपाल और हिसार से आचार्य सुभाष ने विद्यार्थियों को शिक्षा में अध्यात्म के महत्व के बारे में बताया वहीं ध्यान के द्वारा अपने दिमाग को एकाग्र करने और पढ़ाई में अपना ध्यान अच्छी तरह से लगाने के विषय में जानकारी दी। शिविर के दौरान विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के योगासन करना व ध्यान केन्द्रित करने को लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। आचार्य गोपाल ने इस सेशन में विद्यार्थियों को टिप्स देने के साथ-साथ योग अभ्यास भी करवाया। विद्यार्थियों ने योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का भी संकल्प किया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. जनक रानी ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ध्यान करने से छात्रों को विशेष रूप से लाभ होता है। जो छात्र प्रतिदिन ध्यान करते हैं, उनका आत्मविश्वास बढ़ता है, पढ़ाई में मन लगता है, याददाश्त बढ़ती होती है। पढ़ाई के दौरान उनका ध्यान यहां-वहां नहीं भटकता है और विद्यार्थी एकाग्रता से अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कर पाते हैं। विद्यार्थियों के साथ कॉलेज आध्यात्मिक प्रकोष्ठ के इंचार्ज सुनीता तलवाड, रेखा रानी व अन्य स्टाफ सदस्यों में अस्सिटेंट प्रोफेसर अमनप्रीत कौर, डॉ. कमला जोशी, सुनीता रानी, चंद्र तलवाड व राजेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

Janak Rani

Principal
M.M. College of Education
Fatehabad-125050

# State Level Drug free Awarness Relly






# REPORT

मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब की टीम ने एच.आई.वी. वायरस व नशे के जागरुकता कार्यक्रम में जिला स्तरीय नाटक प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। इसके साथ ही महाविद्यालय के छात्र प्रदीप कुमार को सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभागिता दर्ज करवाने के लिए विशेष सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डा. जनक रानी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि नशा व एच.आई.वी. हमारे समाज के लिए एक विनाशकारी समस्या है, जिसके कारण सबसे ज्यादा शिकार किशोर होते है। इन समस्यों से छुटकारा पाने का एक मात्र उपाय जागरुकता है। उन्होंने कहा कि समाज में इस तरह के कार्यक्रमों में मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय हमेशा अपनी भागीदारी दर्ज करवाता रहा है तथा भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों में महाविद्यालय की भागीदारी रहेगी।

Janak Rani

Principal
M.M. College of Education
Fatehabad-125050

# One Day Yoga Camp at M.M. P.G. College, Fatehabad






# REPORT

मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में चल रहे साप्ताहिक योगा कैम्प का बुधवार को समापन हुआ। मनोविज्ञान क्लब एवं स्पोर्ट्स व युवा क्लब द्वारा आयोजित इस शिविर में कॉलेज के स्टाफ सदस्यों व अनेक विद्यार्थियों ने भाग लिया और विभिन्न प्रकार के योगाभ्यास किए। समापन अवसर पर कॉलेज प्राचार्या डॉ. जनक रानी ने कहा कि योग का अर्थ है जोडन्ना। बुद्धि, शरीर और आत्मा को एक लाइन में लाना योगा है। उन्होंने कहा कि नियमित योग करने से हम स्वस्थ रह सकते हैं और हमें कई रोगों से मुक्ति मिलती है। उन्होंने बताया कि इस बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का थीम वासुदेव कुटुम्बकम था जो एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य को प्रस्तुत करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाकर शरीर को स्वस्थ व मजबूत बनाएं। स्पोर्ट्स क्लब के इंचार्ज राजेंद्र सिंह की देखरेख में आयोजित साप्ताहिक योग शिविर में विद्यार्थियों को जहां विभिन्न प्रकार के योगाभ्यास करवाए गए वहीं इनके महत्व बारे भी विस्तार से जानकारी दी गई। कॉलेज एनएसएस इंचार्ज डॉ. कमला जोशी ने बताया कि शिविर के तीसरे दिन जहां पोस्टर मेकिंग कम्पीटिशन में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के पोस्टर बनाकर योग के महत्व को दर्शाया वहीं चौथे दिन उन्होंने योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की शपथ ली। पांचवें दिन योगा डेमोस्ट्रेशन कम्पीटिशन का आयोजन किया गया था। उन्होंने साप्ताहित योग शिविर के आयोजन के लिए स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों का धन्यवाद किया।

Janak Rani

Principal
M.M. College of Education
Fatehabad-125050

# Van Mahotsav (Visit to near by village)



# REPORT

आजादी के अमृत महोत्सव एवं कारगिल विजय दिवस मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण के लिए 23 से 29 जुलाई तक वृक्षारोपण सप्ताह एवं प्लास्टिक मुक्त अभियान के रूप में आयोजित किया गया। इस सप्ताह के दौरान एचडीएफसी बैंक व इन्वायरमेंट सस्टेनेबल मैनेजमेंट सेल के सहयोग से कॉलेज के विद्यार्थियों, एनएसएस वॉलंटियर्स व कर्मचारियों द्वारा न केवल कॉलेज परिसर में पौधारोपण किया गया वहीं लोगों को भी इसके लिए जागरूक करने का प्रयास किया गया। इसके अलावा विद्यार्थियों ने प्लास्टिक से पर्यावरण को होने वाले नुकसान बारे भी लोगों को जानकारी दी और प्लास्टिक की जगह अन्य विकल्पों को अपनाने का आह्वान किया। बीएड कॉलेज प्राचार्या डॉ. जनक रानी ने विद्यार्थियों के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस पहल का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन से निपटना, वायु गुणवत्ता में सुधार और जैव विविधता को बढ़ाना है। उन्होंने इस अभियान में एचडीएफसी बैंक द्वारा दिए गए सहयोग के लिए उनका आभार जताया और भविष्य में भी बैंक के साथ मिलकर आने वाली पीढ़ितयों के लिए प्रकृति को संरक्षित करने का अभियान जारी रखने की बात कही। इस अवसर पर एचडीएफसी बैंक से सौरभ चौधरी, उमेश मोंगा भी मौजूद रहे। अभियान के दौरान कॉलेज में 50 से अधिक पेड़ लगाए गए और प्लास्टिक का प्रयोग न करने का भी संकल्प दोहराया गया।

Janak Rani

Principal
M.M. College of Education
Fatehabad-125050

## MANOHAR MEMORIAL COLLEGE OF EDUCATION

**SIRSA ROAD FATEHABAD -125050(HARYANA) (INDIA)**

ECOGNISED BY NCTE AND AFFILIATED TO CHAUDHARY DEVI LAL UNIVERSITY, SIRSA

"B" GRADE NAAC ACCREDITED

**A WORKSHOP ON**

# AWARNESS ABOUT HIV /AIDS

**(ORGANISED BY RED RIBBON CLUB )**

**DATE : 12/03/2021**



**ESOURCE ORGANISATION : AIDS CONTROL SOCIETY CIVIL OSPITAL, FATEHABAD**

**Organising Committee**

Mrs Sunita Rani

Dr. kavita Rani

**Convener Cum Principal**

Dr. Janak Rani